व्यवहार के वैज्ञानिक अध्ययन के रूप में मनोविज्ञान
मनोविज्ञान के उपक्षेत्र और अनुप्रयोग



सहायक प्राध्यापक
डॉ. कुसुम कुमारी

I Semester PSYCHOLOGY 1

सामान्य मनोविज्ञान का परिचय

## (1) परिचय :-

मनोविज्ञान (Psychology) को आज के समय में व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन कहा जाता है। इसका अर्थ है कि मनोविज्ञान मानव तथा अन्य जीवों के व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं का व्यवस्थित, नियंत्रित और वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन करता है।

### 1. मनोविज्ञान की परिभाषा :-

एक विज्ञान की हैसियत से मनोविज्ञान का जन्म 1879 में हुआ। उण्ट (Wundt) ने लिपजिग (Leipzig) नामक स्थान पर मनोविज्ञान की पहली प्रयोगशाला कायम की और, मनोविज्ञान को एक अलग विज्ञान के रूप में घोषित कर दिया।

Psychology शब्द दो यूनानी शब्दों 'साइक' तथा 'लोगस' (Psyche + Logos) से बना है। Psyche का अर्थ आत्मा (Soul) तथा (Logos) का अर्थ विवेचन (discourse) है। इसलिए आत्मा को मनोविज्ञान की विषय-वस्तु माना गया।

प्रारंभ में मनोविज्ञान को आत्मा का अध्ययन कहा जाता था परंतु आज इसे "व्यवहार" का वैज्ञानिक अध्ययन कहा जाता है।

### 2. व्यवहार का अर्थ :-

व्यवहार से आशय है- व्यक्ति की सभी क्रियाएँ, प्रतिक्रियाएँ, विचार, भावनाएँ और दृष्टिकोण, जो प्रत्यक्ष (जैसे- बोलना, चलना, हँसना) या अप्रत्यक्ष (जैसे - सोचना, महसूस करना) रूप में व्यक्त होती है।

## 3. वैज्ञानिक अध्ययन का अर्थ :-

वैज्ञानिक अध्ययन का मतलब है - किसी भी घटना का अध्ययन पर्यवेक्षक (observation), प्रयोग (Experiment), और मापन (Measurement) जैसे विधियों द्वारा करना।

इस प्रकार मनोविज्ञान में व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर किया जाता है, न कि केवल अनुमान से।

## 4. मनोविज्ञान एक विज्ञान क्यों है :-

मनोविज्ञान को विज्ञान इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें —

1) नियंत्रित प्रयोग किये जाते हैं।
2) परिणामों की पुनरावृत्ति (Repeatability) संभव है।
3) उद्देश्य पूर्ण और तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाता है।
4) परिकल्पनाएँ (Hypotheses) बनाकर उनकी जाँच की जाती है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि - मनोविज्ञान वह विज्ञान है जो व्यक्ति के व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन करता है। यह हमें यह समझने में मदद करता है कि लोग क्यों सोचते हैं, महसूस करते हैं और किस प्रकार व्यवहार करते हैं।

3

# मनोविज्ञान के उपक्षेत्र और अनुप्रयोग
## (Branches of Psychology and Applications)

मनोविज्ञान एक व्यापक विषय है, जो मानव के व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करता है। इसे दो भागों में समझा जा सकता है—

## मनोविज्ञान के उपक्षेत्र (Subfields of Psychology)

1) सामान्य मनोविज्ञान (General Psychology)— यह मनुष्य के सामान्य व्यवहार, मानसिक प्रक्रियाएँ, भावना, संवेदना, ध्यान, स्मृति, बुद्धि आदि का अध्ययन करता है।

2) विकासात्मक मनोविज्ञान (Developmental Psychology)

यह जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य के व्यवहार और मानसिक विकास का अध्ययन करता है- जैसे बचपन, किशोरावस्था, वयस्कता और वृद्धावस्था।

3) शैक्षिक मनोविज्ञान (Educational Psychology)

यह शिक्षा की प्रक्रिया, सीखने के तरीकों, विद्यार्थियों की क्षमताओं और अध्यापन की प्रभावशीलता का अध्ययन करता है।

4) व्यक्तित्व मनोविज्ञान (Personality Psychology)—

यह व्यक्ति के स्वभाव, गुणों और व्यक्तित्व के

निर्माण तथा परिवर्तन का अध्ययन करता है।

5) असामान्य मनोविज्ञान (Abnormal Psychology)

यह मानसिक विकारों, तनाव, चिंता, अवसाद आदि असामान्य व्यवहारों का अध्ययन और उपचार करता है।

(6) सामाजिक मनोविज्ञान (Social Psychology) =

यह समूहों में व्यक्ति के व्यवहार, सामाजिक प्रभाव, सहयोग, प्रतियोगिता, नेतृत्व आदि का अध्ययन करता है।

7) औद्योगिक एवं संगठनात्मक मनोविज्ञान (Industrial and Organizational Psychology) -

यह कार्यस्थल पर कर्मचारियों के व्यवहार, उत्पादकता, संतुष्टि और नेतृत्व के प्रभाव का अध्ययन करता है।

8) परामर्श मनोविज्ञान (Counseling Psychology) -

यह सामान्य मानसिक समस्याओं, तनाव, पारिवारिक विवाद, शिक्षा या करियर संबंधी कठिनाईयों में परामर्श देता है।

9) स्वास्थ्य मनोविज्ञान (Health Psychology) -

यह स्वास्थ्य, बीमारी, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली से संबंधित मानसिक पहलुओं का अध्ययन करता है।

5.

10) नैदानिक मनोविज्ञान (Clinical Psychology) -

यह मानसिक रोगों के निदान (Diagnosis) उपचार (Therapy) और पुनर्वास (Rehabilitation) से संबंधित है।

2. मनोविज्ञान के अनुप्रयोग (Applications of Psychology)

1) शिक्षा के क्षेत्र में :- शिक्षण की विधियाँ सुधारने, छात्रों की रुचि और क्षमता समझने में सहायक।

2) औद्योगिक क्षेत्र में :- कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने और कार्य-संतोष सुधारने में मदद करता है।

3) चिकित्सा के क्षेत्र में :- मानसिक रोगों के निदान और उपचार में सहायक।

4) सैन्य क्षेत्र में :- सैनिकों की चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और मनोबल बनाए रखने में उपयोगी।

5) परिवार एंव समाज में - पारिवारिक विवादों और सामाजिक संबंधों को सुधारने में सहायक।

6) अपराध और न्याय क्षेत्र में :- अपराधियों की मानसिक स्थिति समझने और पुनर्वास

DECEMBER - 2022

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

में मदद करता है।

7) स्वास्थ्य क्षेत्र में –

तनाव, अवसाद और नशे की लत जैसी समस्याओं से निपटने में सहायता करता है।

मनोविज्ञान के विभिन्न उपक्षेत्र मानवजीवन के हर पहलू से जुड़े हैं। इसके अनुप्रयोग शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, समाज और व्यक्तिगत जीवन - सभी क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी हैं।

सहायक प्राध्यापक
मनोविज्ञान विभाग
के० वी० कॉलेज मुरलीगंज
डॉ० पूनम कुमारी